भुवन कुमार
अकादेमी पुरस्कारः छऊ

BHUBAN KUMAR
Akademi Award: Chhau

पश्चिम बंगाल के पुरुलिया में 1 जनवरी 1962 को जन्मे, श्री भुवन कुमार एक अनुभवी छऊ नर्तक हैं। आपके पिता स्वर्गीय प्रभुदास कुमार जिले के जाने–माने छऊ कलाकार थे। अपने पिता से प्रेरित होकर, श्री भुवन कुमार ने बारह वर्ष की आयु में ही छऊ नृत्य का अभ्यास करना शुरू कर दिया था। जब पिता ने अपने बेटे में नृत्य के प्रति जुनून देखा तो उन्होंने नृत्य का प्रशिक्षण प्रारम्भ कर दिया। इसके बाद श्री भुवन कुमार ने अपने गाँव की मंडली के साथ नृत्य प्रस्तुतियाँ देनी शुरू कर दीं। आप नटराज नृत्य (छऊ) में प्रशिक्षित हैं।

सन् 1985 में आपने एक नई नृत्य मंडली बनाई और संथाल विद्रोह, सिद्धू कानू, नवाब मुर्शिद कुली खान, कारगिल युद्ध जैसी कुछ नई नृत्य प्रस्तुतियाँ तैयार की जो आज भी लोकप्रिय हैं। श्री भुवन कुमार ने बंगाल और झारखंड के अलावा देश भर में कई जगहों पर अपनी प्रस्तुतियाँ दी है। आपने पुरुलिया छऊ को लोकप्रिय बनाया है जो कि एक जीवंत और रंगीन मुखौटा नृत्य है और पुरुलिया का गौरव है।

श्री भुवन कुमार को पटना में वर्ष 2020 में सोमनाथ राष्ट्रीय लोक रंग महोत्सव; सन् 2006 में नेहरू युवा केन्द्र संगठन, जबलपुर; छऊ उत्सव, पुरुलिया आदि कई अवसरों पर सम्मानित किया गया है।

श्री भुवन कुमार को पुरुलिया छऊ नृत्य में योगदान के लिए वर्ष 2021 के संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

Born on 1 January 1962 in Purulia, West Bengal, Shri Bhuban Kumar is a veteran Chhau dancer. His father Late Prabhudas Kumar was a well-known Chhau artist of the district. Inspired by his father, Shri Bhuban Kumar started to practice dance at the age of twelve. Since his father noticed his passion in Chhau dance, he encouraged him in his skill. He then started to perform in their village team. He trained in Natraj Nritya (Chhau).

In 1985 he formed a new team and developed some new productions like *Santhal Bidroho, Sidhu Kanu, Nadab Murshid Kuli Khan, Kargil Juddha,* etc., which are still popular. Apart from Bengal and Jharkhand, Shri Bhuban Kumar performed in many places across the country. He popularized Purulia Chhau, a vibrant and colorful masked dance which is the pride of Purulia.

Shri Bhuban Kumar has received many awards, namely from Somnath Rastriya Lok Rang Mohotsav 2020 in Patna; Nehru Yuva Kendra Sangathan 2006, Jabalpur; Chhau Utsav, Purulia, etc.

Shri Bhuban Kumar receives the Sangeet Natak Akademi Award for the year 2021 for his contribution to Purulia Chhau dance.